# प्रादेशिक समाचार
# दिनांक– 30.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना में आईएनएस माहे को शामिल किये जाने पर भारत का सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होता है और हर भारतीय को गर्व होता है। उन्होंने कहा कि आईएनएस माहे के स्वदेशी डिज़ाइन की व्यापक रूप से चर्चा हुई है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि नौसेना तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है।

*************************

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई। सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा, केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल मुरूगन भी बैठक में उपस्थित रहे। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, डीएमके नेता तिरूचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ ब्रायन, शिवसेना नेता नरेश महास्के सहित अन्य नेता भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नेताओं ने सकारात्मक माहौल में चर्चा की। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार ने सदन में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के सुगम कामकाज में सहयोग की अपील की है। संसद का सत्र कल से शुरू होगा और 19 दिसम्बर तक चलेगा।

*************************

पूर्वी सिंहभूम जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज का निर्माण कराया जाएगा। इसे लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जमशेदपुर में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इस योजना के लिए जिले के 10 गांवों पारुलिया, धोबनी, कोकपाड़ा–नरसिंहगढ़, बड़ाजुड़ी, हाड़तोपा, कालिकापुर, मानुषमुड़िया, बड़ा बांगुड़दा, बिडरा और बोड़ाम को चुना गया है। इनमें से छह माह में अधिकतम नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित करनेवाले गांव को विजेता घोषित किया जाएगा और एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

*************************

सरायकेला खरसावां जिले में राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिशन के तहत विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से जारी है।

*************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की एक आदिवासी युवती के पिछले एक महीने से आंध्र प्रदेश की एक फूड कंपनी में बंधक बनाए जाने के मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को अविलंब संज्ञान लेने का निर्देश दिया है।

*************************

धनबाद पुलिस ने पश्चिम बंगाल आरक्षी भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुल 22 लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें 14 विद्यार्थी, रैकेट का एक सदस्य, ड्राइवर, टेंट हाउस कर्मचारी और होटल संचालक शामिल हैं। तिसरा थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहन पकड़ने के बाद पुलिस को झरिया के एक लॉज में नकल कराने की तैयारी की जानकारी मिली, जिसके आधार पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान 272

एडमिट कार्ड, 70 मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, कलाई घड़ियां, एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं और सभी आरोपितों से पूछताछ जारी है।

**************************

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत–दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज का आगाज़ उत्साह के साथ हुआ । सुरक्षा को लेकर लगभग 5000 पुलिस जवानों की तैनाती की गई है और पूरे परिसर पर ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाज़ी चुनी, जबकि रोहित शर्मा और विराट कोहली की घरेलू मैदान पर लगभग 9 महीने बाद वापसी से दर्शकों में रोमांच और बढ़ गया है।

*********समाप्त***********